**दिनांक : 24.04.2024** **समय : 07.10**

**मुख्य समाचार :—**

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सागर और हरदा में किया चुनाव प्रचार, भोपाल में करेंगे रोडशो।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार थमा, प्रदेश की 6 सीटों पर 26 अप्रैल को होगा मतदान।
- एमपी बोर्ड की 10 और 12वीं की परीक्षाओं का परिणाम घोषित।
- प्रदेश के कई जिलों में अगले तीन दिन बारिश के आसार, कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की भी संभावना।

**पीएम—प्रचार**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्रम मोदी आज प्रदेश के दौरे पर है। अब से कुछ देर बाद श्री मोदी भोपाल में रोड शो करेंगे। एक किलोमीटर लंबे इस रोड शो में 200 से अधिक मंचों पर उनका अभिनंदन किया जायेगा। इस रोडशो को देखते हुए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके पहले श्री मोदी ने आज सागर जिले के बड़तुमा के संत रविदास मंदिर प्रांगण में जनसभा संबोधित किया। साथ ही श्री मोदी ने हरदा जिले के अबागांव खुर्द में एक अन्य जनसभा को संबोधित किया।

**चुनाव प्रचार प्रदेश**

**लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में प्रचार जोरो पर है। कांग्रेस-भाजपा सहित अन्य दल और निर्दलीय भी प्रचार में जुटे हुए हैं। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगौन में भाजपा प्रत्याशी की नामांकन रैली में सहभागिता कीए डॉ. यादव ने सागर और भोपाल जिले में भी प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज इंदौरए रतलामए धार में प्रचार किया। इन लोकसभा क्षेत्रों के कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली को उन्होंने संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव उपस्थित रहे।**

दूसरे चरण प्रचार

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज प्रचार का अंतिम दिन था। प्रदेश के जिन 6 लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना हैए वहां पर आज चुनाव प्रचार बंद हो गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी  अनुपम राजन ने बताया है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों कोए जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैंए उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होता है। इस हेतु सघन निगरानी अभियान चलाया जाता है। दूसरे चरण में टीकमगढ़ए दमोहए  खजुराहोए सतनाए रीवाए होशंगाबाद में मतदान होना है।

नामांकन चौथा चरण

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चऱण के लिए नामांकन भरने का सिलसिला जारी है।  आज रतलाम लोकसभा के लिए 5 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन फॉर्म किए जमा। वहीं धार में अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए। आज कांग्रेस और बसपा प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किय़ चौथे चरण के लिए नामांकन फार्म जमा करने का कल अंतिम दिन है। फार्म की समीक्षा 26 अप्रैल होगी और नामांकन फार्म वापस 29 अप्रैल तक लिए जा सकते है।

परीक्षा परीणाम

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। कक्षा दसवीं में इस बार 58 दशमलव 10 प्रतिशत नियमित परीक्षार्थी और कक्षा 12वीं में 64 दशमलव 49 प्रतिशत नियमित विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी। नियमित विद्यार्थियों में कक्षा दसवीं में 54ण35 प्रतिशत छात्र और 61ण88 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं। वहींए 12वीं में 60ण55 प्रतिशत छात्र और 68ण43 प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। मंडला की अनुष्का अग्रवाल ने 10वीं में टॉप किया है। अनुष्का को 500 मे से 495 अंक मिले हैं। इसी तरह 12वीं में शाजापुर के जयंत यादव ने 487 अंक लाकर कला समूह में टॉप किया है। वहीं गणित समूह में 493 अंक लाकर रीवा की अंशिका मिश्रा टॉपर बनी है। वाणिज्य समूह में विदिशा की मुस्कान डांगी 493 अंक लेकर पहले स्थान पर रहीं। इस साल इन दोनों परीक्षाओं में साढ़े 17 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

मतदाता जागरूकता

ग्वालियर के शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने आज मतदान जागरुकता पर केन्द्रित संगीतमयी नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन इस कार्यक्रम में मौजूद थे। खण्डवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले के हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

**जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ**

प्रादेशिक समाचार एकांशए आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैंए जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे ँींजे।चच नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँए आप भी मतदान अवश्य करिए।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर बारिशए आंधी और ओले गिरने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 3 दिन यानी 26 अप्रैल तक बारिश हो सकती है। भोपालए इंदौरए ग्वालियरए जबलपुरए उज्जैन समेत पूरे मालवा-निमाड़ में बारिश हो सकती है। आज भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए हुए है। कल छिंदवाड़ा में बारिश के साथ ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभए साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से प्रदेश में ऐसा सिस्टम बना हुआ है। कल भोपालए इंदौरए उज्जैनए जबलपुरए नीमचए मंदसौरए रतलामए झाबुआए अलीराजपुरए बड़वानीए धारए खरगोनए रतलामए आगरमालवाए राजगढ़ए शाजापुरए देवासए ह

रदाए खंडवाए बुरहानपुरए सीहोरए नर्मदापुरमए  बैतूलए छिंदवाड़ाए पांढुर्णाए सिवनीए मंडला सहित कुछ अन्य जिलों में बारिश होने के आसार है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनसमुदाय को लू के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी की गई है। **अशोकनगर में** कलेक्टर ने इस संबंध में जिले के संबंधित विभागों को  निर्देश दिए हैं ।
- लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एजेंसियों द्वारा 16 मार्च से 22 अप्रैल तक 19 करोड़ 54 लाख रुपये से अधिक  की नगद राशि सहित 244 करोड़ 55 लाख से अधिक की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं।
- मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा की आवेदन तिथि को बढ़ाया दिया है। अब बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाईए 2024 तक भरे जा सकेंगे।
- साउथ इस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड ने शहडोल जिले के सोहागपुर एरिया को वित्तीय वर्ष 2024कृ25 के लिए 64 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है।

...............................